पाँचवीं हिंदी (प्रथम भाषा)

महाराष्ट्र राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद, (विद्या परिषद) पुणे ३०.

प्रगत शैक्षणिक महाराष्ट्र

शैक्षणिक प्रगति कसौटी

आधारभूत कसौटी – कक्षा : पाँचवीं

विषय : हिंदी (प्रथम भाषा)

विद्यार्थी का नाम : ____________________

विद्यालय का नाम : ____________________

दिनांक : / /२०१५

केंद्र : __________ **तहसील** __________ **जिला** __________

प्राप्त अंक : [ ]

उपस्थिति क्रमांक : [ ] **शिक्षक के हस्ताक्षर** __________

कुल अंक : ४०

प्रश्न १. शब्दों को सुनो और लिखो । (अंक ६)

१) __________ २) __________

३) __________ ४) __________

५) __________ ६) __________

७) __________ ८) __________

९) __________ १०) __________

११) __________ १२) __________

प्रश्न २. अनुच्छेद सुनकर लिखो । (अंक ४)

____

____

____

____

____

____

नीचे दी गई कविता पढ़ो और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

खूब बड़ा-सा अगर कहीं, संदूक एक मैं पा जाता।
जिसमें दुनियाभर का चिढ़ना, गुस्सा आदि समा जाता।
तो मैं सबका क्रोध, घूरना, डाँट और फटकार सभी।
छीन-छीन कर भरता उसमें, पाता जिसको जहाँ जभी।
तब ताला मजबूत लगाकर, उसे बंद कर देता मैं।
किसी कहानी के दानव को कुली बनाकर लेता मैं।
दुनिया के सबसे गहरे सागर में उसे डुबो आता।
तब न किसी बच्चे को कोई कभी-डाँटता, धमकाता।

प्रश्न ३. बच्चा क्या पाना चाहता है ? (अंक १)

____

____

प्रश्न ४. लड़का बड़े-से संदूक में क्या-क्या बंद करना चाहता है? (अंक २)

____

____

प्रश्न ५. संदूक को सागर में डुबोने का क्या परिणाम होगा? (अंक २)

____

____

निम्न समाचार पढ़ो और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

केरल पहुँचा मानसून, झमाझम वर्षा

तमिलनाडु में अच्छी बारिश, पुणे-मुंबई में भी बरसे बादल, तिरुअनंतपुरम, ५ जून (वि.प्र.)

चार दिन की देरी के बाद आखिरकार शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल कर्नाटक में दस्तक दे दी है। पूरे राज्य में शुक्रवार सबेरे से बारिश होती रही। तमिलनाडु में भी अच्छी वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी, चरण सिंह के मुताबिक जल्द ही मानसून आंध्रप्रदेश में दस्तक देगा। पुणे-मुंबई में भी कई स्थानों पर बारिश की खबर है। आई.एम.डी.के अनुसार अरब सागर में लक्षद्विप के नजदीक शनिवार को कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना बढ़ी है।

प्रश्न ६. 'केरल के साथ-साथ किन-किन राज्यों में बारिश ने दस्तक दी है? (अंक १)

____

____

प्रश्न ७. मौसम विभाग के अफसर ने मानसून के विषय में क्या कहा है? (अंक २)

____

____

प्रश्न ८. पश्चिम तट पर बारिश अच्छी होने का क्या कारण है? (अंक २)

____

____

____

विज्ञापन पढ़ो और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

✹ प्राथमिक शिष्यवृत्ति परीक्षा में सफलता का एकमात्र पर्याय! ✹

शिष्यवृत्ति मासिक पत्रिका

(परीक्षा के लिए पूर्णतः उपयोगी संस्करण)

✹ पत्रिका की विशेषताएँ ✹

- पाठ्यक्रम पर आधारित पर्याप्त प्रश्न
- अभ्यास हेतु प्रश्नपत्रिकाएँ
- अनुभवसंपन्न शिक्षकों का मार्गदर्शन
- वर्षभर में तीन विशेषांक
- निःशुल्क मार्गदर्शन (सत्र में एक बार)

✲ संपर्क ✲

संपादक

शिष्यवृत्ति मासिक पत्रिका

'आनंद भवन' बिल्डिंग, बुधवार पेठ, अमरावती.

● ई मेल : smp@gmail.com ● दूरभाष : ०७२१-२६७५८५८

प्रश्न ९. यह विज्ञापन किस विषय से संबंधित है? (अंक १)

____

प्रश्न १०. विद्यार्थी 'मासिक पत्रिका' खरीदें इसलिए कौन-सी युक्ति की गई है? (अंक २)

____

____

प्रश्न ११. पत्रिका प्राप्त करने के लिए क्या-क्या करना चाहिए? (अंक २)

____

____

नीचे कुछ शब्दों को अधोरेखांकित किया है। उन शब्दों के बदले कोष्ठक में दिए शब्दों का प्रयोग कर वाक्य लिखो।

प्रश्न १२. रोहित ने ककड़ी खाई। (आम) (अंक १)

प्रश्न १३. शीतल के पास एक रुपया था । (पाँच) (अंक १)

प्रश्न १४. मैं अभी मेरे भाई से मिल रही हूँ। (बाद में) (अंक १)

प्रश्न १५. नीचे दिए गए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो। (अंक१)

राह देखना।

प्रश्न १६. अ) जलयान पानी में चलता है। (रोमन अंग्रेजी में लिप्यंतरण करो।) (अंक १)

ब) दिवाळी जवळ आली आहे. (हिंदी में अनुवाद करो।) (अंक १)

प्रश्न १७. विरामचिह्नों का वाक्य में प्रयोग करो। (अंक १)

बेटे ने पूछा, पिता जी, आप क्या कर रहे हैं

____

____

प्रश्न १८. नीचे दिए गए वाक्यों का उचित क्रम लगाकर वाक्य फिर से लिखो। (अंक २)

गाडी निकल पड़ी और बच्चों ने तालियाँ बजाईं।

बाद में सभी बच्चे गाड़ी में बैठ गए।

सैर के लिए बच्चे पाठशाला में इकट्ठा हुए।

ड्राइवरचाचा ने गाड़ी शुरू की।

अध्यापिका ने सभी को कतार में खड़ा किया।

____

____

____

____

____

प्रश्न १९. बहुत देर से बादल गरज रहे थे ____________ बरसात नहीं हो रही थी।
(इसलिए, पर, तो) (अंक १)

____

____

प्रश्न २०. नीचे दिए प्रसंग पर आधारित कहानी लिखो। (अंक ५)

रविवार का दिन था। महेश, अनुज और उनके मित्र क्रिकेट खेल रहे थे। खेल मजे में चल रहा था। अनुज ने बल्ले से गेंद उड़ा दी। कुछ ही क्षणों में अचानक किसी के रोने-चिल्लाने की आवाज आई ।